# नगर गौरव दिवस के अवसर पर सजी सुरों की महफिल

## 102 वर्ष पूर्ण होने पर नपा ने किया कार्यक्रम आयोजित, मेधावी छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर का गौरव दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। नगर पालिका की स्थापना के 102 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में देर रात तक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रही। कार्यक्रम के शुरूआत में जहां सांस्कृति प्रस्तुतियां दी गई, तो वहीं पूरे कार्यक्रम के दौरान ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित गीत नाटिका ने पूरे वातावरण को देश भक्ति में बदल दिया। इस दौरान नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि नगर पालिका के स्थापना दिवस को प्रतिवर्ष उत्सव के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया



कि 24 दिसंबर को नगर पालिका परिषद ने अपने 102 साल सफलता पूर्वक पूर्ण कर लिए हैं, जो पूरे शहर के लिए गर्व का विषय है। इसी ऐतिहासिक उपलब्धि को यादगार बनाने के लिए गौरव दिवस का आयोजन किया गया है। नगरवासियों ने इस सफल और भव्य आयोजन के लिए नगर पालिका परिषद और



अध्यक्ष की सराहना करते हुए इसे शहर की एकता और गौरव का प्रतीक बताया।

**सुरों की महफिल में झूमे नगरवासी:** नगर गौरव दिवस के मुख्य आकर्षण बाहर से आए सुप्रसिद्ध गायक अनिल श्रीवास्तव एवं उनकी टीम रहे। अपनी सुरीली आवाज और शानदार टीम वर्क से उन्होंने समां बांध दिया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने दर्शकों को रात 12 बजे तक अपनी कुर्सियों पर बांधे रखा। पूरा वातावरण उत्साह और उल्लास से सराबोर नजर आया।

**प्रतिभाओं का हुआ सम्मान:** इस अवसर पर नगर की उभरती हुई प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान किया गया। शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले मुख्य नामों में कौशल यादव, ध्रुव नामदेव, नशिविका जैन और अक्षय रघुवंशी शामिल रहे। अतिथियों द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।



# लूट के एक लाख के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**गल्ला व्यापारी से हुई थी 20 लाख की लूट**

**लूट के आरोपियों को खोजने में जुटी पुलिस**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा थाना अंतर्गत ग्राम नगऊखेड़ी के पास एक गल्ला व्यापारी से हुई 20 की लूट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी गिरफ्तार करते हुए उससे लूट के एक लाख रूपये बरामद किय है। लूट की घटना को एक पखवाड़ा से अधिक समय बीत जाने के बाद भी लूट के मुख्य आरोपियों को पकड़ने में पुलिस सफल नहीं हो सकी है।

दरअसल 3 दिसंबर को गल्ला व्यापारी नीरज साहू पुत्र भगवान सिंह साहू से चार बाईक सवार लुटेरो ने मारपीट करते हुए स्कूटी की डिग्गी में रखे 20 लाख रूपये लूट लिये थे। इस घटना ने जहां पूरे जिले में सनसनी फैला दी थी, तो वहीं घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की गई। जिसके चलते पुलिस की विशेष टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी राजा पुत्र रामसिंह भदौरिया निवासी भरसाबाबड़ी, शाढौरा सहित आरोपी अनिकेत मीना पुत्र छतर सिंह मीना निवासी ग्राम उमरिया कला थाना कुंभराज जिला गुना को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। तो वहीं लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी के चलते गुरूवार को तकनीकी साक्ष्यों एवं विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर लूट की घटना मे शामिल मुख्य आरोपियों में से एक आरोपी गोलू उर्फ राहुल पुत्र चतुर सिंह मीना निवासी उमरिया चक्क थाना कुंभराज को गुना-अशोकनगर रोड के पीलीघटा के पास से गिरफ्तार किया गया। साथ ही उसके कब्जे से लूटे गये 20 लाख रुपये मे से उसके पास मिले नकद एक लाख रूपये विधिवत जप्त किये गये।

## समितियों का हुआ क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण

**शाढ़ौरा।** नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर के द्वारा सेक्टर स्तरीय बैठक/प्रशिक्षण का आयोजन शाढ़ौरा कुंडलपुर में किया गया। जिसमे जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा समिति एक प्रेरक के रूप में कार्य करेगी व विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने बताया कि प्रस्फुटन समितियां परिषद के वार्षिक कैलेंडर, शासन के अभियान व जन भागीदारी के कार्य करेगी और उन्हें अपलोड करेगी। इस सेक्टर क्रमांक 5 से परामर्शदाता गणेशराम अहिरवार एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सड़ूमरा के अध्यक्ष राजीव रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

# गन्ना कटाई करने गए 80 मजदूर को महाराष्ट्र में बनाया बंधक

## परिजनों ने विधायक से लगाई गुहार तो विधायक ने सांगली एसपी से की बात, जल्द लौटेंगे मजदूर

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** क्षेत्र के ऑक्सी चक्क, जारोली, तिनसी, और बेलाई ग्राम के 80 मजदूर गन्ने की कटाई के लिए महाराष्ट के सांगली गए थे, जहां उनको बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। दअरसल बुधवार की शाम को क्षेत्रीय विधायक के पास जारोली निवासी खलक सिंह यादव के साथ बंधकों के परिजन पहुंचे जहां उन्होंने अपनी आपबीती सुनाई और कहा कि महाराष्ट में उनके परिजन को बंधी बना लिये गये है। साथ ही उनके साथ मारपीट की जा रही है वह गन्ने की कटाई के लिए महाराष्ट के सांगली गए थे और जो व्यक्ति उन्हें कटाई कराने ले गया था वह किसी ठेकेदार के पैसे लेकर भाग गया जिसपर वह ठेकेदार उनको आने नहीं दे रहा है ओर बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट कर रहा



है, इसपर विधायक ने तुरंत ही मौके पर सांगली एसपी को फोन लगाकर सारी घटना बताई जिसपर सांगली एसपी ने विधायक को बताया कि वह उनके जिले से निकल गए है मगर, महाराष्ट्र के एक दूसरे जिले कोल्हापुर में है, और विधायक द्वारा पुलिस कप्तान राजीव कुमार मिश्रा को फोन लगाकर उक्त घटना की जानकारी दी गई। जिसपर पुलिस कप्तान ने कार्यवाही की बात कर जल्द ही मजदूरों को छुड़ा लाने की बात कही थी और थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया था, जिसपर थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछुवाह द्वारा ठेकेदार से बात की जो इन सभी को लेकर गया था साथ ही मजदूरों से बात भी की ओर काम का पैसा भी दिलवाया है। वहां से घर के लिए रवाना भी कर दिया गया है जल्द ही वह सभी घर वापिस आ जाएंगे।

**विधायक ने तुरंत ही दोनों जिले के पुलिस अधीक्षक से की बात:**

मजदूरों को बंधक बनाए जाने की खबर जैसे ही विधायक बृजेंद्र सिंह यादव को लगी तो उन्होंने तुरंत ही सबसे पहले महाराष्ट्र के सांगली एसपी से बात ओर फिर अशोकनगर के एसपी से बात कर तत्पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए ओर मजदूरों को सुरक्षित घर वापिस लाने की बात कही जिसके बाद दोनों जिले की पुलिस ने तत्पर कार्यवाही कर मजदूरों को ढूंढकर घर वापिस भेजा, विधायक की यह संवेदना आज उन परिवार के लोगों के साथ क्षेत्र की जनता में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

***इनका कहना है।***

*मेरे पास बंधक बने मजदूरों के परिजन आए थे और तुरंत ही दोनों जिले के पुलिस अधीक्षक से बात की गई और कार्यवाही करने को कहा है। पुलिस ने बंधक बने मजदूरों से संपर्क कर लिया है और उनकी काम की मजदूरी भी दिला दी गई है जल्द वह सभी घर वापिस आ जाएंगे।*

***बृजेंद्र सिंह यादव,***
***विधायक मुंगावली।***

*पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हमने मजदूरों की जानकारी जुटाई और उनसे बात भी हो गई है साथ ही उन्हें जो ठेकेदार लेकर गया था, उससे से भी बात हो गई जल्द ही वह घर बापिस आ जाएंगे और उनके मजदूरी के पैसे भी दिलवा दिए गए है।*

***अरविंद कछुवाह,***
***थाना प्रभारी मुंगावली।***

## एक नजर में



### भूरक्षा का जिला क्रीड़ा अधिकारी में चयन

**अशोकनगर।** खेल के क्षेत्र में जिले का नाम रोशन करने वाली अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भू रक्षा दुबे का जिला क्रीड़ा अधिकारी के रूप में चयन हो गया है। लोक सेवा आयोग द्वारा जारी सूची में क्रीड़ा अधिकारी के रूप में उनका नाम है। उनके चयन पर शहर के प्रबुद्ध जनों शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। तथा उम्मीद जताई है कि जैसे खेल के क्षेत्र में जिले का नाम रोशन किया इस तरह सेवा पद पर भी अपना नाम रोशन करेंगी।

### वीपीडी सर्विलांस की ट्रेनिंग आयोजित

**चंदेरी।** गुरूवार को सीएचसी चंदेरी के डेनिडा बैठक हाल में डब्लू एचओ के एसएमओ डॉ सागर जवेरी एवं एफएम राकेश बैरागी द्वारा सर्विलांस की ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमें वैक्सिन ना होने के कारण होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया। ट्रेनिंग में आरबीएस के डॉक्टर सीएचओ, एएनएम, बीपीएम विशाल यादव, बीसीएम गीता यादव, कोल्ड चेन हैंडलर एनपी चौबे बैठक में उपस्थित रहे।

### ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति का प्रशिक्षण संपन्न

**नईसराय।** नवांकुर संस्था सेक्टर क्रमांक 5, नईसराय विकासखंड ईसागढ़ की नवांकुर संस्था रघुकुल सेवा समिति द्वारा गुरूवार को ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम नईसराय के पंचायत भवन में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन एवं सहयोग से संपन्न हुआ। इस दौरान विभिन्न ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष एवं सचिवों की सहभागिता रही। प्रशिक्षण के दौरान समिति सदस्यों को ग्राम विकास, सामुदायिक सहभागिता, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम स्तर पर समितियों की कार्यक्षमता को सुदृढ़ करना है।

# अरावली पर्वत बचाने किया विरोध प्रदर्शन

**अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन ने किया प्रदर्शन, ग्रामीणों को दी जानकारी**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** अरावली पर्वत श्रृंखला से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय के विरोध में अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन (AIKKMS) द्वारा ग्राम पलकटोरी और गनिहारी में प्रदर्शन किया गया। संगठन के आह्वान पर बुधवार को देशभर में विरोध दिवस मनाया गया, जिसके तहत आयोजित इस प्रदर्शन में में ग्रामीणों ने सहभागिता की। प्रदर्शनकारियों ने निर्णय को अरावली संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा तथा भावी पीढ़ियों के हितों के प्रतिकूल बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण




ढंग से सरकार और न्यायालय के फैसले के खिलाफ अपनी आपत्ति दर्ज कराई। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने अरावली बचाओ-जीवन बचाओ और पर्यावरण नहीं तो भविष्य नहीं जैसे नारों वाली तख्तियां हाथों में लेकर पर्यावरणीय चिंताओं को मुखर किया।

संगठन के जिला सचिव कृष्णा बैरागी ने कहा कि कोर्ट के हालिया निर्णय में अरावली पर्वतमाला की परिभाषा को सीमित कर दिया गया है, जिसके तहत केवल 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों को ही अरावली माना जाएगा। उन्होंने आशंका जताई कि इस व्याख्या से अरावली क्षेत्र की कई छोटी पहाड़ियां कानूनी संरक्षण से बाहर हो जाएंगी, जिससे खनन गतिविधियों, अवैध निर्माण और पर्यावरणीय क्षरण को बढ़ावा मिल सकता है। संगठन के वक्ताओं ने कहा कि अरावली पर्वतमाला केवल राजस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए प्राकृतिक ढाल के रूप में कार्य करती है।

# एसडीएम ने किया राशन दुकान का निरीक्षण, मिली गड़बड़ी

**शिकायत के बाद पहुंचे थे एसडीएम**

**अनियमितताएं मिलने पर जारी किया नोटिस**

**मुंगावली।** गुरुवार को एसडीएम इसरार खान ने शिकायत पर राशन दुकान का निरीक्षण किया, जिसमें उक्त शिकायत सही पाई गई और राशन दुकान पर भारी अनियमितता देखने को मिली जिसपर एसडीएम इसरार खान राशन दुकान संचालक को नोटिस जारी किया है। मामला ग्राम ढेकन पंचायत का है जिसकी शिकायत पर एसडीएम जांच करने पहुंचे थे एसडीएम को जो अनियमितता देखने को मिली है उसमें राशन का वितरण 6.14 प्रतिशत है एवं माह दिसंबर में मात्र दो दिवस ही दुकान को खोली गई, निरीक्षण के समय प्रबंधक पप्पू यादव एवं विक्रेता सत्येंद्र सिंह यादव अनुपस्थित पाए



गए। दिग्विजय सिंह यादव उर्फ डुग्गू द्वारा शासकीय उचित मूल दुकान का संचालन करना पाया गया। दुकान जांच में गंभीर अनियमितताएं पाई गई, शासकीय उचित मूल दुकान पर दुकान सूचक पीला बोर्ड स्टॉक भाव सूची एवं सतर्कता समिति का बोर्ड नहीं पाया गया, उपभोक्ताओं द्वारा बताया गया कि राशन की ऑनलाइन प्रदाय पर्ची नहीं दी जाती है बल्कि हाथ से बनी हुई पर्ची दी जाती है, उपभोक्ताओं द्वारा बताया गया कि उन्हें तीन-चार माह से एक किलो राशन प्रत्येक सदस्य पर कम दिया जाता है, दुकान माह में मात्र एक या दो दिन ही खुलती है, दुकान में रखी राशन सामग्री का भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें पोस मशीन एवं भौतिक रूप से स्टॉक में काफी अंतर पाया गया। इस आधार पर शक्तिपुंज भंडार सागर द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल दुकान डेकन के प्रबंधक और विक्रेता को मध्य प्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत शासकीय उचित मूल दुकान को नोटिस जारी किया गया है।

**कार्यक्रम** | **जिलेभर के सभी 778 बूथों पर किया गया आयोजन**

# सेवा सुशासन के रूप में मनाई अटल जी की जयंती

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** भाजपा के संस्थापक सदस्य भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती गुरुवार को जिले भर के सभी 778 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा सुशासन के रूप में मनाई। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चंदेरी के शासकीय अस्पताल में स्वच्छता अभियान चलाकर एवं उपचार के लिए आए मरीजों को फल वितरण कर स्वर्गीय बाजपेई का जन्मदिवस मनाया। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय श्री वाजपेई के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए



कहा कि श्री वाजपेई उदारवादी नेता के रूप में जाने जाते थे, उनकी मेहनत, दृढ़ निश्चय, संघर्ष और संकल्प की बदौलत आज भाजपा एक छोटे से पौधे से वटवृक्ष के रूप में देश की सबसे अधिक कार्यकर्ताओं वाली पार्टी बनी, भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो देश पहले व्यक्तिवाद में के सिद्धांत पर काम करती है। जब संसद में भाजपा के दो सदस्य थे, उस दौरान, मुंबई के अधिवेशन में श्री वाजपेई ने कहा था सूरज निकलेगा, अंधेरा हटेगा, कमल खिलेगा। आज उनकी सोच ने साकार रूप लिया और केंद्र से लेकर राज्य तक जन सेवा के लिए भाजपा सत्ता पर काबिज है। और हम सब कार्यकर्ता उनके जन्म शताब्दी वर्ष पर उनके सेवा सुशासन के संकल्प को दोहराते हुए। उन्हें सादर नमन करते हैं। इस दौरान अशोकनगर जिला मुख्यालय पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय एवं सांसद जनसंपर्क कार्यालय पर श्री वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया एवं उनका जन्मदिन मनाया।

### शाढ़ौरा में किए फल वितरित

**शाढ़ौरा।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती सेवा सुशासन के रूप में मनाई गई। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने शासकीय अस्पताल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। तो वहीं मरीजों को फल वितरित किये गये।


